प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 02.11.2026

थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 31.10.2026 को थाना मुरादनगर पर वादिया द्वारा तहरीर दी गयी कि अभियुक्त द्वारा वादिया को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाना तथा शादी करने के लिये कहने पर जान से मारने की धमकी देना, जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मुरादनगर पर तत्काल सुसंगत धारा- 69/351(3) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई।

तत्पश्चात आज दिनांक 02.11.2026 को थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त सुहेल पुत्र नसीम निवासी कस्बा मुरादनगर गाजियाबाद, उम्र करीब 25 वर्ष को थाना मुरादनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं वादिया को 01 साल से जानता हूँ, मैंने वादिया को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

सुहेल पुत्र नसीम निवासी कस्बा मुरादनगर गाजियाबाद, उम्र करीब 25 वर्ष।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

अभियुक्त के विरुद्ध उपरोक्त प्रकरण के संबंध में थाना मुरादनगर पर 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

थाना मुरादनगर पुलिस टीम।

थाना लिंकरोड पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 शातिर चोर को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी 01 अंगूठी (पीली धातु की), 01 मोबाइल फोन, चोरी के 4040/- रुपये व घटना में प्रयुक्त एक प्लास बरामद ।

दिनांक 01-11-2026 को थाना लिंकरोड पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी कि अभियुक्त वरुण चौहान ने वादी के घर से आभूषण, रूपये व एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लिंकरोड पर धारा- 305(ए) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु पुलिस टीम लगाई गई।

तत्पश्चात आज दिनांक 02-11-2026 को थाना लिंकरोड पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त वरुण चौहान पुत्र दिनेश चौहान निवासी कडकड मॉडल थाना लिंक रोड गाजियाबाद उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी की गयी 01 अंगूठी (पीली धातु की), 01 मोबाइल फोन, चोरी के 4040/- रुपये व घटना में प्रयुक्त एक प्लास बरामद किया। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा- 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि मैं नशे का आदी हूँ, यह अंगूठी, मोबाइल फोन व रूपये मैंने दो दिन पहले कडकड मॉडल में स्थित एक घर से चोरी किये थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

वरुण चौहान पुत्र दिनेश चौहान निवासी कडकड मॉडल थाना लिंक रोड, गाजियाबाद, उम्र करीब 21 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

01 अंगूठी (पीली धातु की), 01 मोबाइल फोन, चोरी के 4040/- रुपये व घटना में प्रयुक्त एक प्लास बरामद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

अभियुक्त के विरूद्ध उपरोक्त प्रकरण के संबंध में थाना लिंक रोड पर चोरी का 01 अभियोग पंजीकृत है, अन्य अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

थाना लिंकरोड पुलिस टीम